


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 174 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 07 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया

## आचार संहिता में हुई लूट के आरोपी नहीं मिले

### कियोस्क संचालक को लूटने वालों की पुलिस को तलाश

**सुवासरा, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कियोस्क संचालक के साथ गत दिनो लूट की वारदात हुई थी। आचार संहिता में जहां पुलिस की चेकिंग हर जगह है और गश्त पर भी पुलिस वालों को मुस्तैद रहने के निर्देश है। इसके बाद भी अपराधियों के हौसले बुलंद है। आरोपियों की तस्वीर जरुर सीसीटीवी कैमरे में आ गई है। लेकिन, पुलिस की गिरफ्त से बदमाश दूर है।

घटना बीते गुरुवार शाम करीब 9.30 बजे की है। फरियादी संतोष पिता जानकीलाल गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी तरनोद रोड सुवासरा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह बैंक ऑफ इंडिया का कियोस्क सेंटर का संचालन करता है। गुरुवार की रात वह अपने कियोस्क सेंटर पर बैठा था। इसी दौरान रात करीब 9:30 बजे नकाब पोश एक व्यक्ति आया और उसके बैग में रखें रुपए और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चुराकर फरार हो गया। फरियादी ने उसका पीछा भी किया। लेकिन, वह कुछ दूरी पर बाइक लेकर खड़े अपने एक के साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें नकाबपोश बदमाश अपने साथी के साथ बाइक पर भागते हुए नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि बैग में करीब दो लाख रूपए थे। हालांकि पुलिस ने रकम की पुष्टि नहीं की है। उधर लूट की वारदात के बाद पुलिस नकाब पोश बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्दी आरोपी पकड़ लिया जाएगा।

## एक किलो अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाना पुलिस ने एक किलो से अधिक अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ तस्करी की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

शामगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक आरोपी अवैध रूप से अफीम लेकर ट्रेन के रास्ते किसी को देने जाने वाला है। मौके पर घेरा बंदी की जाए तो आरोपी और अवैध अफीम पकड़ने में सफलता मिल सकती है।

मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर शामगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के पावर हाउस के सामने रेलवे ग्राउंड रोड के निकट घेराबंदी कर मुखबीर के द्वारा बताए गए हुलिए वाले शख्स की तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के कब्जे वाले बेग से 1 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई, जिसकी कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शंकर सिंह पिता भेरु सिंह सोंधिया राजपूत उम्र 46 वर्ष निवासी रेहटरी थाना सुवासरा का होना बताया। आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहा से लेकर आया था और कहा ले जा रहा था, मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

# सोने के बढ़ते भाव से बदला बाजार

## बजट में हो रही खरीददारी, व्यापारी रख रहे लाइट ज्वेलरी



**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लगातार महंगे होते सोने के कारण सराफा बाजार में खरीदारी का ट्रेंड बदल गया है। अब ज्यादातर ग्राहक लाइट वेट की ज्वैलरी खरीद रहे हैं। इसको लेकर व्यापारियों ने अपने यहां लाइट वेट की ज्वैलरी रखना शुरू कर दी है। वहीं ग्राहक जो बजट लेकर आ रहे हैं, उसी के अनुसार खरीदी कर रहे हैं। जबकि, पहले सोना सस्ता था तो ग्राहक बजट के बाहर खरीदी कर लेते थे। यानी कोई 3 लाख रुपए का बजट बनाकर आता था और साढ़े तीन या चार लाख की ज्वैलरी भी हो जाती थी तो खरीद लेता था। अब तीन लाख का बजट बनाकर आ रहे हैं तो उसी में खरीदी कर रहे हैं।

### ग्राहक जो बजट बनाकर आ रहे हैं उसमें ही खरीदी कर रहे...

सराफा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विशाल डांगी ने बताया कि पहले ग्राहक जो बजट बनाकर आते थे। उससे ऊपर वजन होता तो आसानी से खरीद लेते थे। अब सोना महंगा होने से जो बजट बनाकर आ रहे हैं, उसमें ही खरीदी कर रहे हैं। व्यापारी कीर्ति बड़जात्या ने बताया कि सोना लगातार महंगा हो रहा है। ग्राहक लाइट वेट ज्वैलरी ज्यादा मांग रहे हैं। व्यापारियों ने भी डिमांड के मुताबिक ज्वैलरी रखना शुरू कर दी है।

### सोने ने पांच दिन में दिया 1650 रुपए रिटर्न...

सराफा बाजार में सोने के भाव मार्च से तेजी लिए हुए हैं और यह अप्रैल में भी जारी है। बीते 5 दिन में 1650 रुपए का रिटर्न देने के साथ सोना बाजार शनिवार, रविवार को बाजार बंद होने से पहले शुक्रवार को 70 हजारी हो गया। सराफा बाजार में नई उंच्चाइयों को छूते हुए सोना 70 हजार 350 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बिका। सराफा व्यापारियों के अनुसार 5 दिन में रोज औसत 330 रुपए की तेजी से भाव बढ़ते गए। आगे भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार लेवाली जारी है। सोने के भाव में मार्च माह से ज्यादा तेजी शुरू हुई और आज तक भाव बुलंदियों को छूते जा रहे हैं। पिछले महीने 1 मार्च को सोने के भाव 63 हजार 800 रुपए प्रति 10 ग्राम थे, जो 31 मार्च को 67 हजार 550 रुपए तक पहुंचे। अर्थात 31 दिन में सोने ने 3 हजार 750 रुपए का रिटर्न दिया।

### इन वजन के गहनों की डिमांड ज्यादा...

**मंगलसूत्र**–पहले बाजार में 15 से 25 ग्राम के मंगलसूत्र की डिमांड रहती थी। अब ग्राहक 10 से 15 ग्राम वजन का मांग रहे। चेन पहले ग्राहक 12 से 15 ग्राम की चेन लेते थे। अब ज्यादातर ग्राहक 8 से 10 ग्राम की ले रहे हैं।

**टॉप्स** – पहले 8 से 10 ग्राम के टॉप्स की मांग ज्यादा थी। अब 3 से 4 ग्राम की डिमांड है।

**अंगूठी** – पहले 5 से 8 ग्राम की अंगूठी की डिमांड थी। अब 3 से 6 ग्राम की डिमांड है।

### 1 से 5 अप्रैल तक सोने के भाव...

| दिनांक | भाव |
|---|---|
| 05 अप्रैल | 70350 |
| 04 अप्रैल | 69900 |
| 03 अप्रैल | 69350 |
| 02 अप्रैल | 68800 |
| 01अप्रैल | 68700 |





# धुंधड़का अस्पताल में अव्यवस्थाएं

## बीएओ पर लगे ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप, सरपंच सहित ग्रामीणों ने दिया धरना, सीएमएचओ के आश्वासन पर उठे

**दलौदा/खजूरी आंजना, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ धुंधड़का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंबे समय से अव्यवस्थाओं के साथ यहा पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही को लेकर सुर्खियों में रहता है। निजी नर्सिंग होम की तरह दिखने वाले इस भव्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्रीय ग्रामीणों को प्रारंभिक दौर से लगाकर आज तक स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में संतुष्टि नहीं मिली। नियमित रूप से डाक्टरों की मौजूदगी नही होने के साथ प्रसूताओं को बड़े अस्पताल रैफर करने का सिलसिला यहां आज भी जारी है। मरीजों को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं की कमी आज तक पुरी नही हो पाई है।

कुछ ऐसे ही लापरवाही को देख शनिवार को ग्राम पंचायत सरपंच लोकपाल सिंह सिसोदिया एवं ग्रामीणों का आक्रोश फूटता हुआ नजर आया। सरपंच सहित ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ बीएमओ एवं नर्सिंग स्टाफ पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन द्वारा पौने दो करोड़ रुपए की लागत से गांव में भव्य स्वास्थ्य भवन तैयार किया गया। जिससे क्षेत्र की करीब सौ गांवों की जनता को समय पर उपचार मिल सके। लेकिन, डॉक्टर का समय पर नही मिलने के साथ प्रसूताओं से प्रसव के दौरान रुपये वसूले जाते है। ज्यादातर प्रसूताओं को कोई परेशानी नहीं होने पर भी बड़े अस्पताल रैफर कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बीएमओ डा. प्रियांशी जैन पर भी अपनी ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप लगाए।

सरपंच सिसोदिया ने कहा कि मैडम की लापरवाही को लेकर अस्पताल की सुचारू रूप से चलने वाली व्यवस्थाओं पर लापरवाही देखी जा रही है। अस्पताल में लेटबाथ की पानी की टंकियों के साथ पेयजल सुविधा भी मरीजों को उपलब्ध नही हो रही है। सरपंच सिसौदिया ने कहा कि विगत वर्ष मरीजों की सुविधा को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा केंद्र परिसर मे हर्बल गार्डन तैयार किया गया। लेकिन, अब वहां पानी के अभाव में पौधे सुखने की कगार पर है। स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं के साथ डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरपंच सहित ग्रामीण धरने पर बैठ गए। मौके पर सीएमएचओ डॉ गोविंदसिंह चौहान पहुंचे तथा जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणो ने धरना समाप्त किया।

### इनका कहना...

बीएमओ डा. प्रियांशी जैन पर ग्रामीणों ने मरीजों को समय पर उपचार नही मिलने के साथ रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। बीएमओ का व्यवहार ठीक नहीं है, यह आरोप भी लाए है। उनसे कहा गया है कि लिखित में आवेदन देवे। ऐसी महिला का नाम बताए, जिससे रूपए वसूले गए, जिससे की जांच कर कार्यवाही की जा सके।

**डॉ गोविंद सिंह चौहान,**
**सीएमएचओ मंदसौर**



# छाए रहे बादल, बारिश के आसार

## चार दिन बदला रहेगा मौसम

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। अंचल का मौसम अगले 4 दिन बदला रहेगा। शनिवार को भी बादल छाए रहे। 7 और 8 अप्रैल को हल्की बारिश हो सकती है। 9 अप्रैल को भी बादल छाने का अनुमान है। इसके बाद गर्मी का असर फिर बढ़ जाएगा।**

बता दें कि अप्रैल महीने में तेज गर्मी का ट्रेंड है। पिछले 10 साल में टेम्प्रेचर 42 से 43 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में पहला वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) शनिवार से एक्टिव हो गया है। इसका असर अंचल में भी देखने को मिलेगा।

### दो बार 43 डिग्री के पार रहा टेम्प्रेचर...

पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो दो बार दिन का तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच चुका है। अप्रैल 2019 को 43.7 डिग्री और अप्रैल 2022 में तापमान 43.3 डिग्री दर्ज किया गया था। बाकी सालों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री से अधिक ही रहा है।

## दलौदा का युवक टू स्टार के जेकेट पहने इंदौर में धराया

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा का एक युवक सब इंस्पेक्टर का सर्दी में पहने जाने वाला दो सितारा जड़ा जैकेट पहन कर रुतबा दिखा रहा था। उसे पता नहीं था कि गरमी में खाकी का पहनावा बदल जाता है। यह नासमझी युवक पर भारी पड़ गई। काले शीशे लगी कार को ट्रेफिक पुलिस ने देखा और कांच खुलवाया तो अंदर युवक टूस्टार वाले जेकेट में नजर आया। इसके बाद उसे विजय नगर थाना पुलिस को सौंपा गया है।



पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार दलौदा में राहुल नामदेव की चाय की दुकान है। राहुल को पुलिस ने इंदौर में पकड़ा। यहां होटल रेडिसन चौराहा पर यातायात पुलिस के सूबेदार अमित यादव ने एक काले शीशे चढ़ी कार एमपी 14 सीडी 2645 को रोका। इसके कांच खुलवाए तो अंदर राहुल टू स्टार लगे जेकेट में बैठा था। यह जेकेट अंगोला वर्दी है जो पुलिस वाले ठंड में पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद पहनते हैं। यातायात पुलिस ने तुरंत राहुल को बाहर निकाला। इसके बाद विजय नगर थाना पुलिस को सौंपा। राहुल से पुलिस पूछताछ कर रही है। इधर राहुल ने पुलिस को बताया कि उसने टोल बचाने के लिए यह वर्दी पहनी थी।

### आईपीएल सट्टे के खिलाफ कुकड़ेश्वर पुलिस की कार्यवाही....

## तीन लोगों को दबोचा, मोबाइल, सट्टे से जुड़ा ऑनलाइन हिसाब-किताब बरामद



**मनासा, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों देशभर में आईपीएल की धूम है। इसी बीच कुकड़ेश्वर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। दरअसल, पुलिस की टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से मोबाइल, सट्टा पर्ची, 2500 रूपये नगद सहित एक रजिस्टर बरामद किया गया है। जिसमें ऑनलाइन सट्टे का हिसाब-किताब पाया गया है।

**सदर बाजार का मामला–** दरअसल, मामला कुकड़ेश्वर स्थित सदर बाजार का है। जब पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली थी कि संजय पिता अमृत पंचोली की दुकान में सट्टा अंक लगाया जा रहा है। जिसके बाद टीम का गठन कर मौके पर पहुंचकर दबिश दी गई। इस दौरान संजय पंचोली, सुरेश मालवीय, कल्लू उर्फ बाबू माली को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, तीनों के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई जारी है।

**चलाया जा रहा धरपकड़ अभियान–** लोकसभा चुनाव के मध्य नजर नीमच पुलिस की पैनी नजर हर एक अवैध गतिविधियों पर बनी हुई है। किसी भी तरह के अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत ही कार्रवाई कर रही है। वहीं एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन पर जिले में जुआ सट्टा धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी ने यह सफलता हासिल की है।

### नारकोटिक्स का खेल...

## आरके का माल, दलौदा की पदमिनी कॉलोनी से दबोचा

### डेढ़ क्विंटल का बनाया मामला, बाकी माल कहां..?

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों दलौदा क्षेत्र में देर रात काले शीशे की गाड़ियों की रेस हुई। आगे आगे दौड़ रही गाड़ी पद्मिनी कॉलोनी में जा घुसी। पीछे पीछे काले शीशे की सरकारी आदमी की निजी गाडियां भी पहुंच गई। बताया गया की आरके ढाबे वाले के माल पर नारकोटिक्स ने पकड़ बना ली थी। पर, मजे की बात यह है की आदमी तीन थे, माल साढे चार से ज्यादा था। लेकिन, जब पता किया तो जानकारी मिली की आरोपी भी कम हो गए और माल भी डेढ ही रह गया?




बाद में यह पता चला की राजा हरीशचंद्र, महाराज और भारत की जोड़ी ने यह खेल किया और 70 में मामला बेक वाले निपटने का वादा कर रंगारंग होली का आनंद ले लिया। देखना है की आला अधिकारी इस मामले में क्या ध्यान लगाते है...?

## ट्रैक्टर की टक्कर से पैदल युवक की मौत


**मनासा, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कंजार्डा मार्ग पर पड़दा के पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार रात्रि में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे मे ट्रैक्टर की टक्कर से एक 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

मनासा सरकारी अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार रात्रि की है। गांव पड़दा निवासी राहुल पिता शिवलाल राठौर उम्र 30 वर्ष पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राहुल को मनासा थाना 108 एम्बुलेंस की मदद से मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए नीमच के बड़े अस्पतला रेफर किया गया। मगर रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं शनिवार सुबह युवक के शव का मनासा के सरकारी अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सांसद से नाराजगी तो कांग्रेसियों के घर छोड़ने का असर नतीजे पर दिखेगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर-नीमच - जावरा लोकसभा चुनाव अभी तक इतनी संजीदगी से चलने का नजारा पेश कर चुका है कि अंदाज लगाकर कुछ प्रतिक्रिया देना भी पजल्ड गेम की तरह हो गया है। जैसे, सामने ही सब कुछ नजर आ रहा है। पर स्पष्ट व्याख्या करना मुश्किल हो रहा है! जो दिख रहा है, उससे यह साफ हो रहा है कि भाजपा प्रत्याशी की स्थिति तो जस की तस नजर आ रही है। जबकि, कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति धीमी गति से उछाल लेती हुई नजर आ रही है। इस तरह के चुनाव का ताजा उदाहरण बीता मंदसौर का विधानसभा चुनाव भी है। यशपाल सिसोदिया के वर्चस्व और लोकप्रियता के मुकाबले विपिन जैन बौने नजर आ रहे थे। इनके प्रचार प्रसार ने भी धीमी गति से चलते हुए अपनी हैसियत से उछाल दिया तो 2 हजार से ज्यादा मतों से जीत गए। दरअसल विपिन जैन की इस जीत में उनकी अपनी निजी छ्वी और कार्य प्रणाली का जनमत संग्रह उन्हें जीता पाया था। कांग्रेस संगठन ने उन्हें सिर्फ अपना प्रत्याशी होने का सिंबाल दिया था और एकमात्र कमलनाथ ने एक छोटी सी आमसभा को संबोधित किया था।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के साथ भी ऐसी ही स्थिति है कि जिन्हें वे अपने साथ नागदा से यहां चुनाव प्रबंधन के लिए लाए हैं, वह सभी शत प्रतिशत समर्पण भाव वाले हैं। मंदसौर में वही आगे पीछे हैं जो पहले विपिन जैन और इससे पहले स्वर्गीय महेंद्र सिंह कालुखेड़ा, नरेंद्र नाहटा, बालकवि बैरागी, मीनाक्षी नटराजन के साथ रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ता आपसी प्रतिस्पर्धा भुलाकर बाहर अंदर के प्रत्याशी के विषय को हाई कमान पर छोड़ समर्पण भाव से चुनाव में दायित्व संभालेंगे, तब ही जीत की संभावना प्रबल हो सकती है। वरना गुर्जर को अपने भाग्य और अपनों की मेहनत के सहारे ही भाजपा की पुश्तैनी कब्जे वाली लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के साथ एकजुट भाजपा संगठन से चुनाव लड़ना पड़ेगा। यह अलग बात है कि दिलीप गुर्जर यहां से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए विपिन जैन की तरह फ्रेश प्रत्याशी है। जबकि, सुधीर गुप्ता तीसरी बार मैदान में है।



चन्द्रमोहन भगत

इसी कारण कुछ पदाधिकारी कार्यकर्ता मतदाताओं में भी क्षेत्रीय काम को लेकर तो कार्यकर्ता पदाधिकारी में भेदभाव या उनके निजी अथवा सार्वजनिक कार्यों मे असहयोग के कारण पनप चुकी नाराजगी नकारात्मक वातावरण को बढ़ा रही है और जनमत में फैला भी रही है। ऐसा दो बार से अधिक बार के प्रत्याशी बनने वाले सांसद प्रत्याशी के प्रति नकारात्मक वातावरण को तब और अधिक बल मिलने लगता है। जब गलियों, नुक्कड़ों की चर्चा में इस बात के लिए आपसी सहमति जताई जाती है कि फलां सांसद से ज्यादा सुपीरियर कांप्लेक्स उनके स्टाफ और करीबियों ने अपने देनंदिनी व्यवहार में बदस्तूर इजहारे आदत बना लिया है। कभी काम लेकर जाए तो पहचानते ही नहीं है। कोई आवेदन दे तो फाइल में रख देते हैं। सांसद निधि के कार्यों में भी मध्यस्थ बन परेशान करना या अपना वर्चस्व दिखाने के लिए स्वीकृत ही न होने देना! ऐसे ही अनेक कामों के लिए जनमत में नाराजी को प्रत्याशी के प्रतिस्पर्धी नेता पदाधिकारी ही हवा देकर खुद को बेहतर और अन्यो को कमतर साबित करने के चक्कर में कभी-कभी इतना रायता फैला देते हैं कि अपने दल के प्रत्याशी को ही नुकसान पहुंचा देते हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर औद्योगिक इलाके में राजनीति करके नेता बने हैं। इसलिए उनका चुनाव लड़ने का तरीका भी अभी तक के प्रत्याशियों से अलग है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को पसंद भी आ रहा है। इसीलिए जहां जो ब्लॉक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन करते जा रहे हैं। अपने समर्थक और जनमत में इजाफा करते जा रहे हैं। इसी कारण माना जा रहा है कि कहीं दिलीप गुर्जर भी विपिन जैन की तरह सतह पर धीमी गति का प्रचार, जनसंपर्क दर्शाते रहे और भीतर ही भीतर विस्फोटक अंदाज में जनमत को रिझाने में आगे निकल जाएं! और भाजपाई समझने अंदाज लगाने में भी चुक जाए। इस चुनाव के दौरान एक सच और घट रहा है। कांग्रेस में कहीं दिलीप गुर्जर के साथ भी ना घट जाए। जो आज उनके आसपास चिपक के चल रहे हैं। कल सुबह होने तक भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा का प्रचार करते न नजर आ जाए! कोई पारखी हो तो पहचान ले, वरना घट जाने के बाद तो सभी जान जाएंगे। जैसे उज्जैन आलोट के कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार को शनिवार सुबह पता चला की घटिया के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय भाजपा में समा गए हैं।



# भाजपा का स्थापना दिवस जिले के समस्त बूथों पर मनाया

## जिले में 2000 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता


**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त जी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद जी शर्मा के नेतृत्व में 6 अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस प्रदेश के साथ मंदसौर जिले के समस्त 1133 बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान को याद करते हुए मनाया गया।

मंदसौर जिले में जिला भाजपा के नेतृत्व में मंदसौर जिले के समस्त जनप्रतिनिधि गण उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर लोकसभा संयोजक, देवीलाल धाकड़, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधायक गण हरदीप सिंह डंग चंदरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक मदनलाल राठौर, बाबूलाल चौहान, अनिल कियावत, सुषमा आर्य, गणपत सिंह आंजना, राजेश दीक्षित, धीरज पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, शिवराज सिंह राणा घटावदा, राजेश सेठिया, राजेश पालीवाल, अजय तिवारी, नामदेव, राजु चावला, राजेश तिवारी, नरेंद्र पाटीदार सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिले के पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, अपने-अपने बूथ पर पहुंचे और वहां बूथ पर भाजपा का ध्वज लहराया गया। इस अवसर पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित किए गए आवश्यक करनी कार्यों को संपन्न कराया और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में देर शाम तक जिले की चारों विधानसभाओं में स्थित 1133 बूथों की जानकारी के अनुसार लगभग 2000 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी परिवार में प्रवेश किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश को और अधिक उंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता राधाकिशन गायरी प्रेमपुरिया, जगदीश गायरी नावली, गोविंद राठौड नावली, पवन मोटीस धामनिया, ओंकार जी, भावसिंह बंजारा धामनिया, वकील गौड धामनिया, कारूलाल गौड धामनिया, मुकेश गौड धामनिया, हरिसिंह चौहान धामनिया, नाथूलाल चौहान धामनिया, तुफान गौड धामनिया, जगदीश गौड़ धामनिया, अमर सिंह गौड़ धामनिया, बजरंग भील धामनिया, रतनलाल गौड धामनिया, लाल सिंह चौहान धामनिया, इन्द्र सिंह चौहान धामनिया, मुरली कछावा धामनिया, अनिल कछावा धामनिया, मुकेश चौहान धामनिया, रामसिंह कच्छावा धामनिया, उदेयराम भील धामनिया, पप्पु भील धामनिया, देवीलाल भील धामनिया, रमेश भील धामनिया, दोलतराम गौड धामनिया, प्रताप गौड धामनिया, निर्मल शर्मा, अशोक रावत, रणजीतसिंह चौहान, आशिष पौल, भरत वर्मा, भरतसिंह चन्द्रावत, पर्वतसिंह, बाबु कलोसिया, गोलु गावरी, संतोष भाई, प्यारसिंह, वरूण जी, राजकुमार आदिवाल, राहुल किलोसिया, दिनेश मीणा धामनिया, सुरेन्द्रसिंह चन्द्रावत हरिपुरा, गुमानसिंह राठौर ढाबला, भंवरलाल गौड कंवला, अपरसिंह चन्देल कंवला, मुरली गौड कंवला, बाबुलाल गौड कंवला, शांतीलाल गौड कंवला, ब्रजेश गौड कंवला, देवीलाल जी कंवला, गोपाल पिता शिवलाल कंवला, पप्पु मानसिंह जी कंवला, अनिल हिरालाल जी कंवला, ईश्वर पिता अमरसिंह कंवला, अमरसिंह पिता मोहनसिंह कंवला, राधाकिशन गायरी प्रेमपुरीया, गंगाराम जोशी, जगदीश गायरी नावली, पवन मीणा नावली, उंकार बंजारा धामनिया, कारूलाल बंजारा, बच्चाबिहारी बंजारा, जगदीश सुरजमल बंजारा, रतनलाल बंजारा, अमरलाल राठौर गांधीसागर क्रमांक 8, कृष्णपद सरकार गांधीसागर क्रमांक 8, यावर खान गांधीसागर क्रमांक 8, निर्मल हेमराज गांधीसागर क्रमांक 8, कमल कथीरीया गांधीसागर क्रमांक 8, पंकज जायसवाल गांधीसागर क्रमांक 8, कमल माली गांधीसागर क्रमांक 3, पवन हेमराज गांधीसागर क्रमांक 3, प्रभुलाल पथरोड गांधीसागर क्रमांक 8, मंदसौर विधानसभा के दलौदा मंडल में दिलीप सिंह जी, कृष्णपाल सिंह जी बेहपुर, बापू सिंह जी बेहपुर, प्रभुलाल जी भुज भावगढ़ सहित कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव 10 को मनाया जाएगा, निकलेगी प्रभात फेरी

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चेटीचण्ड महापर्व के अन्तर्गत पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत के तत्वावधान में श्री वरुणदेव मंदिर संचालन समिति द्वारा, 6 अप्रैल को प्रातःकाल निकली संकीर्तन प्रभात फेरी श्री प्रेमप्रकाश आश्रम पहुंची जहां पर भगवान लक्ष्मीनारायण, भगवान झूलेलाल, सतगुरू टेऊँराम जी महाराज एवं सतगुरुओं की प्रतिमाओं का सुन्दर व आकर्षक मनोरथ किया गया। जिसके दर्शन कर सभी प्रफुल्लित हो उठे। बहिराणा के सदस्य मुरली पारवानी ने भगवान झूलेलाल के जीवन पर आधारित सुन्दर भजन प्रस्तुत किये जिस पर उपस्थित सिन्धी समाज की संगत खुशी के कारण झूम उठी।

श्री प्रेमप्रकाश आश्रम सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी, मोहनदास फतनानी आदि ने सभी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आरती करने वालों में प्रमुख दृष्टानंद नैनवानी, राम कोटवानी, लक्ष्मणदास रायमलानी, मुकेश होतवानी, वासुदेव सेवानी, गिरिश भगतानी, दयाराम जैसवानी, मोहनदास फतनानी, देवीदास प्रधनानी, हरिश उतवानी, नरेंद्र संगतानी, प्रीतम खैमानी, मनोज (नन्नू) सेवानी, मुरली पारवानी, नानकराम नंदवानी, नरेश फतनानी, नारायण शिवानी, ईश्वर भावनानी, कैलाश मनवानी, गोपाल पारवानी, ठाकुरदास खेराजानी, सुन्दरदास आसवानी, दिनेश रामचन्दानी, दिनेश सेवानी सहित सैकड़ों स्त्री, पुरूष, बच्चों ने इस वर्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत



के सानिध्य में उत्साह के साथ भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाने का संकल्प लिया, जो देखते ही बनता था। खुशी का इजहार करने के लिये 4 अप्रैल से प्रातः 6 बजे से ही सिन्धी समाज की महिला, पुरुष व बच्चे स-कीर्तन, प्रभातफेरी के माध्यम से शहर के हर कोने, मोहल्ले व कॉलोनियों में जाकर जय झूलेलाल, आयोलाल झूलेलाल के जयकारो के साथ 10 अप्रैल को भगवान के जन्मदिवस में पधारने का आव्हान कर रहे है। इस पावन अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली की महिलाओं ने झूलेलाल भगवान व श्री टेऊँराम के भजन प्रस्तुत किये। श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष एवं पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के स्थाई संयोजक पुरुषोत्तम शिवानी ने चेटीचण्ड मेले में सिंधुजनों को अधिक उत्साह से सम्मिलित होने का आह्वान किया व सिन्धु संस्कृति की व्याख्या करते हुए कहा कि हमारी सिन्धु संस्कृति प्राचीन संस्कृति है। मोहन जोदड़ो के वंश से सिन्धु संस्कृति की उत्पत्ति हुई व हिन्दु संस्कृति की उत्पत्ति भी मोहन जोदड़ो सिन्धु संस्कृति से हुई। शिवानी ने कहा कि आज से 1074 वर्ष पूर्व जब हिंदुओं पर अत्याचार होने लगे एवं धर्म परिवर्तन के लिए हिन्दुओं को विवश किया जाने लगा तब हिंदू धर्मी सिंधु नदी पर एकत्रित होकर भगवान को पुकारा तब आकाशवाणी हुई की हिंदुओं की रक्षा के लिए भगवान श्री झूलेलाल जल ज्योति के अवतार अवतार लेंगें। और हिंदुओं की रक्षा करेंगे कहने का तात्पर्य है कि हिंदू धर्म की रक्षा हेतु ही भगवान श्री झूलेलाल जी का अवतार हुआ था। इसलिये हम सिन्धु जनों को सिन्धी कुल में जन्म लेने पर गर्व होना चाहिये। इस वर्ष वाहन रैली में महिलाओं को भी सम्मिलित होने का आग्रह किया गया।

## अभियुक्त सलीम माण्डा की न्यायालय में हाजरी की अपेक्षा वाली उदघोषणा जारी

**नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय नीमच द्वारा थाना नीमच केन्ट के अपराध क्रमांक 43/2024 धारा 307, 341, 34, 120बी, भा.द.वि. व धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त सलीम माण्डां उर्फ सलीम हाजी पिता आमीन शाह, निवासी मदारपुरा मोहल्ला मंदसौर के हाजरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा धारा 82 सी.आर.पी.सी. के तहत जारी की गई है। अभियुक्त सलीम माण्डा उर्फ सलीम हाजी पिता आमीन शाह, निवासी मदारपुरा मोहल्ला मंदसौर से अपेक्षा की गई है कि वह परिवाद का उत्तर देने लिए न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीमच के समक्ष दिनांक 6 मई 2024 अथवा उसके पूर्व हाजिर हों। यह जानकारी पुलिस थाना प्रभारी नीमच सिटी द्वारा दी गई।

## भाजपा संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करे-श्रीमती गुर्जर

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर वार्ड नं. 37 के तीन मतदान केन्द्रों पर एक साथ भाजपा संगठन का स्थापना



दिवस मनाया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत की गरिमामय उपस्थिति में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने वार्ड नं. 37 के श्याम नगर में भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठन के प्रेरणा स्त्रोत पं. दीनदयालजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, क्षेत्रीय पार्षद दीपक गाजवा, पूर्व पार्षद बाबा पंचोली, क्षेत्रीय नागरिकगण राकेश जैन एमपी एग्रो, कृष्णकांत बाहेती, रमेश जोशी, सत्यकाम चौरड़िया, शीतल कोतक, अजय फांफरिया, कन्हैयालाल रायसिंघानी, अरूण भावसार, निलेश पारिख, योगेश भट्ट, लक्ष्मण पुरस्वानी, पत्रकार नरेन्द्र अग्रवाल, अजय फाफरिया, मण्डल उपाध्यक्ष देवेन्द्र मरच्या, अवधेश मिश्रा, संदीप जैन, महिला नेत्री तुलसा खत्री, किरण मण्डोवरा भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस मौके पर श्याम नगर के घर-घर में जाकर भाजपा के ध्वज लगाये। इसके पूर्व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्री गुर्जर, श्रीमती गुर्जर का स्वागत भी किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि आज ही के दिन भाजपा की स्थापना हुई थी। हमें देश को परम वैभव पर पहुंचाने के लिये पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखते हुए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए तथा लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिये मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये अभी से जुट जाना है।




## ढिकोला में 85 प्लस मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के ग्राम ढिकोला में मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए जागरूक किया गया। बीएलओ श्रीमती मंजू सोनी एवं एकीकृत शाला शासकीय स्कूल ढिकोला के प्राचार्य श्री अशोक कुमार रत्नावत द्वारा ढिकोला में पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं को घर जाकर चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया गया, तथा उन्हें मतदान केंद्र में आकर अपने मत का उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाएं जैसे, छाया कृत भाग, रैंप, बैठने के लिए स्थान, महिला पुरुष के अलग-अलग लाइन आदि के बारे में भी जानकारी दी गई तथा अपील की गई कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

# मंदसौर रोल बाल टीम की कमान जय, उबेद व सोमिया को



**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश रोल बॉल एसोसिएशन द्वारा इंदौर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में मंदसौर टीम के लिए 14 वर्ष 17 वर्ष बालक व 14 वर्ष बालिका के सिलेक्शन ट्रायल्स का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए मंदसौर टीम का चयन किया गया। 14 वर्ष बालक टीम की कमान उबेद छिपा को दी गई टीम में निशित श्रीवास्तव, शौर्य वीर सिंह चौहान, ततवर्थ जैन, हितांश सोनी, अनुकूल जैन, युग श्रीवास्तव व श्रेश रतनावत चयनित हुए टीम का कोच दिव्यांशु परमार व कनिष्ठपवार को बनाया गया इसी प्रकार बालक 17 वर्ष में टीम के कप्तान जय गुर्जर, भावेश आसवानी, भव्य नाहर, विशाल गहलोत, लक्ष्य शर्मा, नमन जैन टीम का कोच जलज सिसोदिया को बनाया गया 14 वर्ष बालिका में सौम्या चौहान कप्तान नीतिका पारेख, देवी शर्मा, दृष्टि शर्मा, प्रांजल होलकर, अक्षिता चौहान, यशी शुक्ला, आयुषी पोरवाल, का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु टीम की कोच लाभांशी हैजु व मैनेजर प्रक्षाली मारु को नियुक्त किया गया धुर्वा काले 17 वर्ष बालिका में नेशनल की ट्रायल देंगी। यह खिलाड़ी इंदौर मेडिकल स्कूल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिसमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सिंगरौली, नरसिंहगढ़, देवास, जबलपुर कॉरपोरेशन, इंदौर कॉरपोरेशन, सहित मध्य प्रदेश के 10 से अधिक जिलों की टीम सहभागिता करेंगी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि व प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए मंदसौर रोल बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास आचार्य, जिला रोलर स्केटिंग संख्या अध्यक्ष कपिल भंडारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कॉलेज खेल अधिकारी राजू कुमार, को प्रशिक्षक सचिन काले आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी यह जानकारी जिला रोल बॉल संघ के सचिव सचिव राकेश श्रीवास्तव ने दी।

## अभियुक्त अर्पित उर्फ लक्की सिंहल की न्यायालय में हाजरी की अपेक्षा वाली उदघोषणा जारी

**नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रे ट न्यायलय नीमच द्वारा थाना नीमच केन्ट के अपराध क्रमांक 43/2024 धारा 307, 341, 34, 120बी, भा.द.वि. व धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त अर्पित उर्फ लक्कीप पिता ओमप्रकाश सिंहल निवासी मकान नं. 95 विकास नगर 14/2 नीमच केन्ट की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा धारा 82 सी.आर.पी.सी. के तहत जारी की गई है। अभियुक्ते अर्पित उर्फ लक्की पिता ओमप्रकाश सिंहल निवासी मकान नं. 95 विकास नगर 14/2 नीमच से अपेक्षा की गई है कि वह परिवाद का उत्तर देने लिए न्यायालय मुख्य9 न्याकयिक मजिस्ट्रेट नीमच के समक्ष दिनांक 6 मई 2024 अथवा उसके पूर्व हाजिर हों। यह जानकारी पुलिस थाना प्रभारी नीमच सिटी द्वारा दी गई।

# अरूण यादव बने मिशन विश्व गुरु जिला नीमच के मीडिया प्रभारी

**नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** युवा पत्रकार एवं राष्ट्र सेवी अरूण यादव को मिशन विश्व गुरु नीमच के जिलाध्यक्ष भूरालाल प्रजापति की अनुशंसा से मिशन विश्व गुरु के राष्ट्रीय संयोजक डा. शशि राष्ट्र प्रकाश एवं मिशन विश्व गुरु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाक्षाकार बालकृष्ण सोलंकी की अनुमोदना से मिशन विश्व गुरु मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूरालाल जैन द्वारा मिशन विश्व गुरु जिला नीमच का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।



मिशन विश्व गुरु द्वारा राष्ट्र हित एवं गो हित चिंतकों के प्रबुद्ध वर्ग जनों की प्रति माह के प्रथम रविवार को एक गुगल मीट का आयोजन किया जाता है। जिसमें राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव के चिंतकों को जोड़ा जाकर कोरोना काल से अब तक 43 वीं गुगल मीट के सफल आयोजन किये गये हैं, जिसमें प्रति माह राष्ट्र उत्थान के विभिन्न विषयों पर सम्पूर्ण भारत के हजारों की संख्या में राष्ट्र हितैषियों के उद्बोधन हुए हैं। 44 वीं गुगल मीट के विषय 'सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु कैसी हो सरकार' का आयोजन इस बार नीमच की धरा पर परोक्ष रूप से होना है। इस हेतु मिशन विश्व गुरु जिला नीमच के जिलाध्यक्ष भूरालाल प्रजापत द्वारा नीमच जिले में एक वृहद्ध आयोजन की रुप रेखा तैयार की जा रही है। अरूण यादव को मिशन विश्व गुरु जिला नीमच के मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश यादव इन्दौर, प्रदेश महामंत्री श्याम साहनी जबलपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील शर्मा नीमच, कोषाध्यक्ष ललित राठी नीमच, सचिव शैलेष जोशी नीमच, गोपाल शर्मा भोपाल, महिला संगठन मंत्री मीना जायसवाल नीमच, सूचना प्रसारण मंत्री मंजू सोनी कुकडेश्वर, मंत्री ममता भाटी इन्दौर, प्रदीप लाक्षाकार शिवपुरी, प्रदीप पालीवाल रतनगढ़, जिला सह सचिव परशुराम पंड्या सावन, दशरथ बैरागी कान्हखेड़ी, भावना भारद्वाज व ग्रामीण अध्यक्ष शीवदयाल नवलपुरा, प्रचार मंत्री कुशल भामावत जीरन, देवीलाल पाटीदार जलोदिया ने हार्दिक बधाई देते हुए अपेक्षा की युवा अरूण यादव के मीडिया प्रभारी बनने से मिशन विश्व गुरु को नई उंचाइयां प्राप्त होकर नीमच जिला को राष्ट्रीय गौरव प्राप्त होगा। उक्त जानकारी बालकृष्ण सोलंकी द्वारा प्रदान की गई।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान/सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

## चुनाव ड्यूटी की अवधि चुनाव घोषणा की तारीख से परिणाम की घोषणा तक होगी

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास/कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा। बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान/मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

**अनुग्रह राशि**-निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।

**कैशलेस इलाज**-आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए, चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।



## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में हिन्दी शिक्षण के अंतर्गत कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग मंदसौर में हिंदी शिक्षण के अंतर्गत शब्द के वर्ण, उनका क्रम तथा उच्चारण विधि से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मध्यभारत प्रांत की सेवा प्रमुख श्रीमती श्रुति केलकर ने हिंदी के वर्ण उनका क्रम और उच्चारण का विस्तारपूर्वक वर्णन कर सही लिखने व सही उच्चारण के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेविका समिति विभाग सह कार्यवाहिका श्रीमती किरण मावर ने की। विशेष अतिथि के रूप सरस्वती आवासीय विद्यालय छात्रावास अधीक्षक श्री कमल किशोर गोठी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि का परिचय हिंदी शिक्षण सहायक प्राध्यापक श्रीमती निशा शर्मा ने दिया एवं स्वागत डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किया गया। आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने प्रशिक्षणार्थियों एवं आवासीय भैया को कहा कि वर्णों के सही उच्चारण के लिये सुनिये, समझिये, पढ़िये फिर बोलिये। कार्यक्रम में समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ायें-मुख्य निर्वाचन आयुक्त

## भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने दिये निर्देश

**नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने नगर निगम आयुक्तों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित करें, जिससे मतदाता मतदान करने के लिये स्वयं प्रेरित हों। नई दिल्ली में आज 'मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन' में प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने के लिए एक साथ विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर आयोग द्वारा मतदाताओं की उदासीनता परएक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

सीईसी श्री राजीव कुमार ने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (215 ग्रामीण और 51 शहरी) की पहचान की गई है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर कतार प्रबंधन, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग जैसी सुविधा प्रदान करने की बहुआयामी रणनीति पर जोर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने बढ़ी हुई भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के लिए बूथवार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नगर निगम आयुक्तों और डीईओ को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार करने और अलग-अलग लक्षित मतदाताओं के लिए योजना बनाने के निर्देश दिये। इस तरह से कार्य करें कि मतदाताओं में लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लेने का गौरव भाव पैदा हो। चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधु ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। सम्मेलन में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊऔर कानपुर के नगर निगम आयुक्तों के साथ-साथ बिहार और उत्तरप्रदेश के चुनिंदा जिला निर्वाचन अधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में 7 राज्यों कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी वर्चुअली शामिल हुए।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष अभियान जारी**-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश के जिन 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम था, वहां मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत है, के बारे में जागरुक किया जा रहा है। जिला लेवल पर पेंटिंग, स्लोगन, लेखन की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी, जिसमें सभी उम्र के मतदाता सहभागी बन सकते है। प्रतियोगिताओं में पुरस्कार का भी प्रावधान किया गया है। ट्रूकॉलर, यूपीआई पेमेंट, सोशल मीडिया इन्फल्यूएंसर, स्वच्छता वाहन के माध्यम से भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। उचित मूल्य दुकानों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल, पेट्रोल पम्पों में पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। रहवासी समितियों के साथ भी बैठक कर मतदान के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों में मंगल दिवस पर महिलाओं को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री और श्री बसंत कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 49 | 2171 | 2341 |
| उड़द | 10 | 2700 | 7000 |
| सोयाबीन | 4250 | 4260 | 4735 |
| गैहु | 11000 | 2180 | 2966 |
| चना | 500 | 5190 | 5800 |
| मसुर | 160 | 4000 | 5891 |
| धनिया | 250 | 4001 | 8101 |
| लहसुन | 17500 | 4400 | 19400 |
| मैथी | 1750 | 4006 | 6201 |
| अलसी | 3022 | 4500 | 5100 |
| सरसो | 915 | 4560 | 4940 |
| तारामीरा | 3 | 4491 | 4491 |
| इसबगोल | 175 | 9800 | 11500 |
| प्याज | 1131 | 650 | 1500 |
| कलोंजी | 31 | 16699 | 18599 |
| डॉलर | 150 | 7700 | 10251 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 8 | 3002 | 4451 |
| असालीया | 237 | 6151 | 7400 |



# मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी तथा अन्य सहायक अधिकारी का प्रशिक्षण सम्पन्न

## प्रशिक्षण के दौरान मतदानदल अधिकारी ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को कुशल व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए मतदानदलों के पीठासीन अधिकारी तथा मतदानदल अधिकारी का प्रशिक्षण जिले के शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियो में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम पाली में प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान दल के कर्तव्य व दायित्वों एवं कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। द्वितीय पाली में मतदान दल कर्मियों को ईव्हीएम व वीवीपैट का हेण्ड-आन सैद्धान्तिक प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में अलग-अलग विकासखण्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी मोजूद थे। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर डॉ जे.के. जैन एवं अन्य मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण बहुत गंभीरता पूर्वक प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका होने पर तुरंत पूछें। प्रशिक्षण के पश्चात मन में किसी प्रकार की जिज्ञासा नहीं रहनी चाहिए। अगर किसी प्रकार की जिज्ञासा हो तो तुरंत प्रश्न पूछ कर उसका समाधान करवाएं। मतदानदल कर्मी के क्या कार्य व कर्तव्य की जानकारी दी गई। मतदान दल कर्मियों को लोक सभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि लोकसभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक, स्वमतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सकें। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में बताया कि मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी सबसे अहम हैं। वह मतदान केन्द्र का प्रभारी होगा। विषम परिस्थिति में कार्यवाही पर उसको निर्णय लेना होगा। पीठासीन अधिकारी केन्द्र प्रभारी होने के अलावा निर्वाचन संचालन दल का मुखिया भी होगा। वह मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर सामग्री जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा। सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के त्रुटिरहित संचालन स्वतंत्र-निष्पक्ष मतदान के लिए पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी रहेगी। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए प्रयुक्त की जाने वाली बेलेटयूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही अन्य विशेष सामग्रियां मॉकपोल सील, काला लिफाफा, अन्यई प्रपत्र की भी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मतदानदल कर्मियों को मतदान केन्द्र निरीक्षण, 100 मीटर के घेरे का निरीक्षण कर प्रचार-प्रसार संबंधित सामग्री हटाने, मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी को चिन्हित करना, सामग्री निरीक्षण करना एवं विभिन्न प्रपत्रों को संबंधित लिफाफों में आवश्यक जानकारी प्रविष्टकरने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। मतदानदलों को मॉकपोल की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि मतदान चालू होने पर मतदान केन्द्र पर दल द्वारा क्या कार्यवाही की जाएगी, मतदाता की पहचान का सत्यापन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्रों से किस प्रकार किया जाएगा। प्रशिक्षण में मतदान दल को मतदाता की तर्जनी में अमिट स्याही लगाने का तरीका बताया गया प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के दौरान विशेष परिस्थितियों की सभी महत्वपूर्ण आवश्याक बिन्दुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स ने दिया।

## मप्र में मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये 4 चरणों में मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार, द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार, तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

## सात दिनों का अवकाश रहेगा मंडी में

**पिपलियामंडी, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी पिपलिया में 7 दिनों का अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन ने अवकाश के दिनों में किसानों से उपज नही लाने का अनुरोध किया है। मंडी प्रशासन के अनुसार 7 अप्रैल को रविवार, 9 अप्रैल को गुडी पडवा, 10 अप्रैल को चेटीचंड, 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 13 अप्रैल को माह का द्वितीय शनिवार, 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयन्ती, 16 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी, 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी होने से मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

# गुजरात बार्डर पर 1 करोड़ 28 लाख कैश और 22 किलो चांदी देख सभी हैरान

**झाबुआ/पिटोल, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश में भारी मात्रा में नकदी और चांदी के गहने मिलने से हडकंप मच गया। यह माल इंदौर से राजकोट जाने वाली बस में रखा था। मालिक का अब तक पता नहीं चल पाया है। आचार संहिता के कारण गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान की बॉर्डर पर चल रहे चैकिंग अभियान में यह बड़ी सफलता मिली है।

लोकसभा चुनाव के चलते गुजरात और मध्यप्रदेश की बार्डर पर एक करोड़ 28 लाख रुपए नकद और 22 किलो चांदी मिली है। झाबुआ पुलिस कप्तान पद्मविलोचन शुक्ल और कलेक्टर नेहा मीणा के निर्देशन में यह कारवाई प्रदेश की सीमा पर चल रही थी। गुजरात और मध्यप्रदेश के साथ ही राजस्थान और महाराष्ट्र की सीमा पर भी ऐसी ही सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध वाहनों की चैकिंग में अभियान में लगे अधिकारियों को बड़ी सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार-शनिवार की रात एक बजे के आसपास इंदौर से राजकोट जाने वाली राहुल ट्रेवल्स में पुलिस विभाग, एफएसटी, एसएसटी टीम के संयुक्त लोटीम ने इंदौर से राजकोट जाने वाली राहुल ट्रेवल्स की बस एमपी 13 जेडएफ 6432 बॉर्डर इंटीग्रेटेड चौक पोस्ट पर चेंकिग के दौरान गाड़ी की डिक्की में लावारिस तरीके से रुपयों से भरा थैला एवं चांदी जब्त की। पुलिस ने बस में सवार प्रत्येक लोगों से पूछा की, लेकिन किसी ने भी इस बेग को अपना नहीं बताया। इसके बाद चैकिंग करने वाली संयुक्त टीम ने झाबुआ वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मौके पर अधिकारियों के समक्ष गाड़ी की डिक्की से रुपयों और चांदी से भरे थैले को खोलकर नोटों की गिनती की गई और चांदी को तोलने पर 22 किलो निकली। बस के ड्राइवर से पुछताछ की गई, परंतु उसने भी इसकी जानकारी होने से मना कर दिया। यह कार्रवाई करीब 3 घंटे तक चली। इसके बावजूद भी इतनी बड़ी रकम और 17 लाख की चांदी का कोई भी मालिक सामने नहीं आया।

**जिम्मेदार बोले...**

लोकसभा चुनाव में अवैध गतिविधि को रोकने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक विभागों के सीनियर अधिकारियों के मार्गदर्शन में सयुंक्त टीम अवैध चांदी के गहने, नकदी और मादक पदार्थों के खिलाफ कारवाई कर रही है।

**पल्लवी भाबर**
**चौकी प्रभारी, पिटोल (झाबुआ)**



**नवरात्रि तैयारी**-9 अप्रेल से चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है। नवरात्रि पर नालछा माता मंदिर में घट स्थापना के साथ ही अनेक आयोजन होंगे।

# कार्यकर्ता ऐसी मेहनत करें कि पोलिंग बूथ पर कांग्रेस को शून्य का सामना करना पड़े-राठौर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ नं. 54 पर मनाया स्थापना दिवस

**मनासा, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। कार्यकर्ताओ ने विधायक अनिरूद्ध माधव मारू एवं मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मुकेश डांगी के मार्गदर्शन में पोलिंग बुथ नंबर 54 पर स्थापना दिवस मनाकर भाजपा की रिति नीतियो को आमजन तक पहुचाने और लोकसभा चुनाव में देश में फिर से भाजपा की सरकार और नरेन्द्र मोदी को पीएम बनाने का संकल्प लिया। बुथ प्रभारी दिनेश राठौर ने कार्यकर्ताओ से स्थापना दिवस पर कहा कि आप सभी एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है जो देश की सबसे बडी पार्टी है। भाजपा का संकल्प है कि हर घर तक सरकार की योजना पहुचे। और पंडित दीदयाल के अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओ का फायदा पहुचे इस संकल्प को लेकर मोदी काम कर रहे है। मौजुदा समय में कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने उम्मीद्वार ढुंढने पर भी नही मिल रहे है। कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा जिला मंत्री भूपेश राठौर ने कहा कि पोलिंग पर भाजपा काफी मजबुती के साथ में खडी है। इस बार देश में भाजपा 400 सीटें जीतकर नया इतिहास लिखेगे। बुथ प्रभारी दिनेश राठौर और जिला मंत्री भूपेश ने कहा कि देश प्रदेश के साथ ही मनासा विधानसभा में भी विधायक अनिरूद्ध माधव मारू के विधायकी कार्यकाल में विकास कार्य के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओ का क्रियान्वयन हो रहा है। मनासा विधानसभा में हुए विकास कार्यो से आज मनासा का स्वरूप पुरी तरह से बदल चुका है। सभी भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की सुस्ती को हल्के में नही ले और अपने अपने बुथ पर ऐसा काम करे कि कांग्रेस को वहां पर शुन्य से सामना करना पडे। स्थापना दिवस पं. दीनदयाल और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन सोनू धनगर ने किया और आभार बुथ नंबर 54 के अध्यक्ष राजकुमार कलवारा ने माना।





# गुप्ता ने दलौदा मंडल के ग्रामों में जनसंपर्क किया



**मंदसौर/नीमच, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया। चाहे महिलाओं का विकास, युवाओं को रोजगार, किसानों को आर्थिक संबल या फिर गरीबों के विकास की बात हो। मोदी सरकार हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने दलौदा मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

शनिवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने दलौदा मंडल के बानीखेडी, एलची, सेमलिया हीरा, करजू, कटलार, बनी, भावगढ,, नांदवेल, बेहपुर, खजुरीया सांरग, निंबोद, सरसोद, लसुडिया, कचनारा, आक्या उमाहेडा, दलौदा सगरा, रिछा लालमुहॉ, पटेला-लालाखेडा, ताजखेडी , देहरी, गरोडा, दलौदा रेल, फतेहगढ सहित अन्य ग्रमों में जनसंपर्क कर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को बड्रो का आशीर्वाद और स्नेह मिल रहा है। जगह-जगह यात्रा का स्वागत हो रहा है। सांसद गुप्ता ने कहा कि देश में जिस प्रकार तेजी से विकास कार्य हुए है उससे जनता भी एक बार फिर से कमल खिलानें का मन बना चुकी है। उन्होने कहा कि उन्होने गरीबी हटाओं का नारा दिया लेकिन कभी भी गरीबों के लिए कोई योजना या कार्य नही किया। मोदी सरकार ने गरीबों को पक्की छत, मुफ्त बिजली, पानी आदि सुविधाएं मुहैया उपलब्ध कराई। जिसका परिणाम यह है कि आज देश के करीब 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बाहर आए है। सुधीर गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को भी जनता के समक्ष रखा। उन्होने कहा कि आज संसदीय क्षेत्र में रेलवे, सड़क सिंचाई योजनाओं पर ऐतिहासिक कार्य हुए है। हर घरों में नल इसे जल उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में सड़को का जाल बिछ चुका है। आने वाले समय में ओर भी कई विकास कार्य है जिन्है पूरा करना है और यह सब आपके विश्वास और सहयोग से ही होगा। जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि एक बार फिर सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूत करना है इसके लिए हमें भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को एक बार फिर से भाजपा को वोट करना है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है ओर केन्द्र में भी एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है ऐसे में क्षेत्र का चौतरफा विकास होगा।

**बेहपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की-** लगातार मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम बेहपूर मे कृषणपाल सिंह, बापूसिंह और दिलीपसिंह ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ सभी ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, देवलुत्य कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# व्यापारी को नकद करना होगा उपज का भुगतान

**पिपलियामंडी, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर कृषि उपज मंडी में व्यापारी द्वारा किसानों की उपज लेने के बाद भुगतान नही देने व फरार हो जाने की घटना के बाद पिपलिया कृषि उपज मंडी प्रशासन ने भुगतान व्यवस्था में बदलाव कर दिया है, अब किसानों की उपज लेने केबाद व्यापारियों को नक्द भुगतान करना पड़ेगा। इस हेतु मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया ने समस्त व्यापारियों की बैठक ली व निर्देश दिया कि उपज खरीदने के बाद किसानों को उसी दिन नक्द भुगतान करना पड़ेगा। मंडी प्रशासन ने इस संबंध में एक पत्र भी किसानों को सूचित कर सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसमें बताया कि समस्त किसान बंधुओं से आग्रह है कि अपनी बेची गई उपज का भुगतान उसी दिन नकद प्राप्त करने, भुगतान के संबंध में कोई परेशानी या शिकायत हो तो तय समय सीमा में कार्यालय को सूचना देंवे। समय सीमा के बाद की गई शिकायत को मान्य नही किया जाएगा। भुगतान के संबंध में परेशानी/शिकायत को लेकर पत्र में मंडी कर्मियों के नाम व मोबाइल नम्बर की सूची भी जारी की। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश के बाद कोरोना काल के बाद किसानों को उनकी उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा आनलाइन (आरटीजीएस) किया जा रहा है। इसमें किसानों को उनकी उपज का भुगतान 7 से 10 दिनों में प्राप्त हो रहा था। साथ ही कुछ दिनों पूर्व मंदसौर कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज का भुगतान न करते हुए व्यापारी के फरार होने की घटना के बाद मंडी प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इससे किसानों को भुगतान संबंधी आ रही परेशानियों से निजात मिलने की संभावना है।

## स्थापना दिवस मनाया

**पिपलियामंडी, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा का स्थापना दिवस नगर में बूथ क्रमांक 90 व 91 पर मनाया। बूथ अध्यक्ष दिलीप गोयल ने भाजपा का झंडा फहराया। मंडल अध्यक्ष सामंतसिंह ने कहा भाजपा लगातार देश के विकास के लिए गरीब, किसान, महिला, युवाओं के उत्थान का कार्य कर रही है। नप उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, पार्षद ललित कसेरा, लोकेश कराड़ा, राजू जाट, भेरु धनगर, शिवराजसिंह शक्तावत, हेमन्त पाटीदार, अभिषेक घाटिया, राजेन्द्र सेठिया, अरिहन्त जैन, किशोर कृपलानी, कालू जाट आदि उपस्थित रहे।

# पंच कचेलिया राठौर तेली समाज का फाग महोत्सव एवं होली मिलन समारोह आज

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पंच कचेलिया राठौर तेली समाज के द्वारा फाग महोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन आज 7 अप्रैल रविवार को पंच कचेलिया राठौर तेली समाज की धर्मशाला धानमंडी मंदसौर पर किया जाएगा। आज चारभुजानाथ मंदिर बोहरा बाखल से भव्य फाग महोत्सव शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार राठौर एवं सचिव ओमप्रकाश राठौर के द्वारा बताया की आज 7 अप्रैल रविवार को पंच कचेलिया राठौर तेली समाज मंदसौर के द्वारा श्री चारभुजा नाथ की असीम कृपा से रंगों के त्यौहार फाग महोत्सव पर समाज बंधुओं का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें भगवान चारभुजानाथ की फाग महोत्सव शोभायात्रा का आयोजन किया है।चल समारोह चारभुजानाथ मंदिर बोहरा बाखल से दोप. 1 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें शाही रथ पर भगवान श्री चारभुजानाथ की प्रतिमा विराजित कर शोभायात्रा में शामिल रहेगी वहीं इस चल समारोह ढोल, बैंण्ड, बाजे के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगें। चल समारोह का समाजजनों द्वारा मार्ग पर स्वागत भी किया जाएगा। यह चल समारोह बोहरा बाखल से शुरू होकर,



सराफा बाजार, मंडी गेट, सदर बाजार, घंटाघर होते हुए धानमंडी समाज की धर्मशाला पहुंचेगा। जिसमें सभी समाज जन महिलाएं एवं नवयुवक सभी समाज के वरिष्ठ सहभागी होंगे उसके पश्चात सभी समाजजनों का समाज के धर्मशाला में सहभोज होगा। ट्रस्ट ने सभी समाजजनों से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उक्त आयोजन में सम्मिलित होवे। यह जानकारी समाज से जिला अध्यक्ष सुरेश राठौर एवं फाग महोत्सव अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चौहान के द्वारा दी गई।

**✻ उठावना ✻**

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि



अविनाश एवं अश्विन सैनी के पिताजी एवं मेवाडा माली समाज बालागंज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजेंद्र कुमार सैनी रिटायर्ड नारकोटिक्स विभाग का दुखद निधन हो गया है जिनका उठावना आज दिनांक 7.4.2024 रविवार को प्रात: 10:30 बजे नीज निवास स्थान अभिनंदन कॉलोनी पिपलेश्वर बालाजी मंदिर के सामने मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**अविनाश सैनी अश्विन सैनी**
**मंदसौर**

**✻ उठावना ✻**

स्वर्गीय श्रीहरि दुबे के सुपुत्र व सुरेश दुबे के बड़े भाई, अमित दुबे और अंकित दुबे के पिता श्री महेश कुमार जी दुबे का निधन 5 अप्रैल को हो गया था। जिनका उठावना आज 7 अप्रैल रविवार को सुबह द्व्थ्द्व्थ बजे हमारे निज निवास स्थान 20 आनंद विहार कॉलोनी मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**सुरेश दुबे, अमित दुबे, अंकित दुबे एवं दुबे परिवार, मंदसौर**

# मैं हमेशा कार्यकर्ताओं के कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा-गुर्जर

## मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की संवाद बैठक संपन्न



**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हम सभी कांग्रेसजन राहुल गांधी जी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर संविधान बचाने की लड़ाई लड़े । कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण जो भी दायित्व ले उसे पूर्ण निष्ठा से पूरा करने में जुट जाएं। उक्त बात जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह गुर्जर ने कही।

श्री गुर्जर ने आगे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक होकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। मैं हमेशा कार्यकर्ताओं के कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। आज भाजपा 400 का नारा दे रही है पर छोटे दलों के सामने नतमस्तक होना पड़ रहा है। पार्टी के आदेश पर चुनाव लड़ रहा हूं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भी चुनावी जंग जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बल पर जीते हैं और आगे भी जीतेंगे। पूरे जिले के गांव गांव व शहर में भाजपा की पोल खोलेंगे ,वहीं हमारे घोषणा पत्र की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाएंगे। पूरे जिले में संगठन चुस्त ,दुरुस्त व तैयार हैं। पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि हमें गांव के साथ-साथ नगर पालिका, नगर पंचायत स्तर तक पार्टी के कार्यकर्ता, कांग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो पहुंचाना चाहिए। स्थानीय मुद्दे, अफीम पट्टों के मुद्दे भी उठाना चाहिए। जो जोश विधानसभा में कार्यकर्ताओं ने दिखाया वह इस लोकसभा चुनाव में भी दिखाना होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मन्दसौर शहर ब्लॉक के सभी साथी पूरी मुस्तैदी से चुनाव में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे और विधानसभा की तरह लोकसभा में भी कांग्रेस का झंडा मन्दसौर नगर में बुलंद रहेगा। बैठक के अंत में दिवंगत जिला कांग्रेस के महामंत्री मोहम्मद हुसैन रिसालदार को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक के समापन पर आभार जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने माना।

इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर, परशुराम सिसोदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी,वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह राका, प्रीतिपाल सिंह राणा, तरुण खींची मनजीत सिंह टुटेजा ,अजय लोढ़ा,अंजू तिवारी,इष्ट भाचावत आदि सहित कई नेताओं व कांग्रेस के पदाधिकारीयों ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक में मोहन सिंह चौहान, गोविंद सिंह पवार हेमंत शर्मा रमेश सिंगर विजय सिंह सिसोदिया कमलेश जैन राजेश राजेश फरकीय ,सुनील बसेर, दिलीप देवड़ा मजहर खान कमलेश सोनी लाला, दिनेश कल्याणी लक्ष्मण मेघानी विनोद शर्मा, कालू कवीश्वर संजय सोनी गोविंद सुरा, सुनील गुप्ता, माजिद चौधरी गोपाल सिंह गुर्जर जितेन चोपड़ा शैलेंद्र कुमार जोशी , जगदीश धनगर अजय सिंह तोमर तरुण शर्मा, महेंद्र उपाध्याय राम प्रसाद कसेरा, महिला नेत्रियों में बबीता सिंह तोमर, सुनीता बनडी, लक्ष्मी रैकवार, अनीता भदोरिया,रीना बसेर, मनोरमा मुंदडा, सोनिया जैन ,धुंधडका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, मंडलम अध्यक्ष गण में अजय सोनी, रमेश बिजवानी, विजय जैन दशरथ राठौर, पंकज जोशी,अजय मारू, विश्वनाथ सोनी,नितेश सतीदासानी, वकार खान, अभिषेक जैन विनोद ओझा कचरमल जातीय अकरम खान शादी गोरी, शैलेंद्र गोस्वामी रवि विनायक राजेश खींची, सम्यक जैन सागर अंसारी पंकज सती दासानी योगेंद्र गोड, ऋषभ शर्मा घीसालाल जाट सत्यनारायण लक्ष्यकार, रामसिंह गुर्जर भागीरथ गुर्जर संजय बारोट भंवरलाल कुमावत कन्हैयालाल बर्निया कन्हैयालाल भाटी, नमन मोदी कन्हैयालाल भदानिया, लियाकत ऑल इंडिया, फारुख कुरैशी आबिद खा मेव, दिनेश प्रजापत, लोकेश रावत ,अशफाक अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेजन शामिल हुए।

# वैश्य महासम्मेलन युवा सम्भागीय प्रभारी कपिल भंडारी नियुक्त

**मंदसौर, 6 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता ,प्रदेश महामंत्री जगदीश अग्रवाल गरोठ, सम्भागीय अध्यक्ष श्री संतोष चोपड़ा नीमच ,मंदसौर जिला प्रभारी श्री नरेंद्र अग्रवाल ,जिलाध्यक्ष श्री जगदीशचंद्र चौधरी , यूवा सम्भागीय अध्यक्ष श्री अमित मारवाड़ी की सहमति से वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट श्री विकास डागा ने युवा समाज सेवी श्री कपिल भंडारी को वैश्य युवा संभागीय प्रभारी पद पर नियुक्त किया। इस आशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन प्रभारी जिला महामंत्री श्री भगवानदास विजयवर्गीय ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन संगठन की दृष्टि से मंदसौर सम्भाग में मंदसौर, नीमच और रतलाम तीनों जिले आते हैं।



युवा संभागीय प्रभारी का दायित्व मिलने के पश्चात कपिल भंडारी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन संगठन की रीति नीति के अनुसार में सभी पदाधिकारीयो के साथ मिलकर ही कार्य योजना तैयार करूंगा। श्री भंडारी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता, प्रदेश महामंत्री श्री अग्रवाल, सम्भागीय अध्यक्ष श्री चोपड़ा,युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री डागा , मन्दसौर जिला प्रभारी मंदसौर श्री अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्री चौधरी, महामंत्री श्री विजय वर्गीय सहित सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदसौर संभाग के युवा संभागीय अध्यक्ष अमित मारवाड़ी , युवा जिला प्रभारी जगदीश काला, जिला अध्यक्ष राकेश दुग्गड , और जिला महामंत्री दिलीप सेठिया के साथ शीघ्र ही मंदसौर संभाग का दौरा कर अधिक से अधिक युवा जनों को वैश्य संगठन से जोड़ेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in